भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 822

उत्तर देने की तारीख : 04.02.2026

पीएम-विकास योजना

822. श्री मलविंदर सिंह कंग:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान मोहाली, रूपनगर, होशियारपुर और शहीद भगत सिंह नगर (नवांशहर) जिलों में पीएम-विकास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या कितनी है और आयोजित प्रशिक्षण सत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ख) चामकौर साहिब क्षेत्र में नेतृत्व और उद्यमिता प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए प्रमाणन और ऋण लिंकेज की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) 'पीएम-विकास' के शैक्षिक घटक (एनआईओएस सेतु कार्यक्रम) के लिए मानदंडों और विशिष्ट दिशानिर्देशों का ब्यौरा क्या है तथा गढ़शंकर क्षेत्र से नामांकित छात्रों की कुल संख्या कितनी है;

(घ) मोहाली क्षेत्र में वर्ष 2026 के लिए अल्पसंख्यक सामुदायिक केंद्रों को मॉडल हब के रूप में विकसित या उन्नत करने के लिए लंबित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा मार्च 2026 की समय-सीमा तक निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए आनंदपुर साहिब लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में कार्यान्वयन संबंधी खामियों को दूर करने हेतु क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय प्रधान मंत्री विरासत का संवर्धन (PM VIKAS) योजना को केंद्रीय क्षेत्र की योजना के रूप में लागू करता है जो पाँच पूर्ववर्ती योजनाओं — 'सीखो और कमाओ', 'नई मंज़िल', 'नई रोशनी', 'उस्ताद' और 'हमारी धरोहर' को समेकित करती है तथा कौशल विकास, अल्पसंख्यक महिलाओं की उद्यमिता एवं नेतृत्व विकास तथा स्कूल ड्रॉपआउट छात्रों के लिए शैक्षणिक सहायता प्रदान करने के माध्यम से छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण पर ध्यान केन्द्रित करती है।

योजना के अंतर्गत, होशियारपुर जिले में 300 अभ्यर्थियों (आज की तारीख तक) के लिए प्रशिक्षण अभी हाल ही में प्रारंभ हुआ है। इसके अलावा, वर्तमान में मोहाली, रूपनगर और शहीद भगत सिंह नगर (नवांशहर) जिलों में कोई प्रशिक्षण नहीं चल रहा है।

(ख) पीएम विकास योजना के महिला नेतृत्व और उद्यमिता घटक के अंतर्गत वर्तमान में चमकौर साहिब क्षेत्र में कोई प्रशिक्षण नहीं हो रहा है।

(ग) पीएम विकास के शिक्षा घटक (NIOS ब्रिज प्रोग्राम) के लिए पात्रता एवं विशिष्ट दिशानिर्देश PM VIKAS योजना के दिशानिर्देशों (https://pmvikas.minorityaffairs.gov.in/uploads/documents/Guidelines-PM-VIKAS.pdf) के अनुसार हैं। इसके अलावा, वर्तमान में योजना के शिक्षा घटक के अंतर्गत गढ़शंकर क्षेत्र से किसी भी अभ्यर्थी का नामांकन नहीं किया गया है।

(घ) प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके), जो अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना है, के अंतर्गत अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में सामुदायिक अवसंरचना के सृजन हेतु विचारार्थ मोहाली (SAS नगर) में 163.62 लाख रुपए की राशि से एक समुदाय-सह-सम्मेलन हॉल के निर्माण का प्रस्ताव पीएमजेवीके ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त हुआ है। पीएमजेवीके योजना के अंतर्गत प्रस्तावों पर दिशानिर्देशों और निधि की उपलब्धता के अनुसार मांग-आधारित आधार पर विचार किया जाता है।

(ङ): पीएम विकास योजना के अंतर्गत, वर्तमान में आनंदपुर साहिब निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी अभ्यर्थी का नामांकन नहीं किया गया है। तथापि, चूंकि योजना की कार्यान्वयन अवधि दिनांक 31 मार्च 2027 तक बढ़ा दी गई है, मंत्रालय वर्तमान में योजना के अंतर्गत सभी घटकों के लक्ष्यों के आवंटन के लिए अपने विशिष्ट पोर्टल अर्थात् https://pmvikas.minorityaffairs.gov.in/के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित कर रहा है।

*****